# कार्यालय वनमण्डलाधिकारी
# दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय –दूरभाष (07856) 252228, फैक्स–252305 निवास –(07856) 252439 **E-mail:**-dfodnt@rediffmail.com

**क्रमांक/ मा.चि./**3320 **दन्तेवाड़ा, दिनांक** 16 / 05 /**2024**

**प्रति,**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
एन.एम.डी.सी. सी.एम.डी.सी.लिमि.,
ग्रीन वेली, हॉऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,
बोरिया कला, सेजबहार, रायपुर

**विषय –** Proposal for seeking prior approval of the Central Government under Section 2(i) (ii) of the Van (Sanrakshan Evam Samvardhan) Adhiniyam, 1980 in favour of M/s NMDC-CMDC Limited for non-forestry use of 682.2722 ha. (570.100 ha. inside lease and 112.1722 ha. outside lease) forest land for Bailadila Iron Ore Deposit-4 Mine in Dantewada Forest Division, South Bastar, Dantewada District in the State of Chhattisgarh-reg.

**संदर्भ :–**
1. भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली का पत्र दिनांक 07.03.2024
2. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) अटल नगर नवा रायपुर छ.ग. का पत्र क्रमांक/भू–प्रबंध/खनिज/331–305/811 रायपुर दिनांक 18.03.2024.
3. आपका पत्र क्रमांक/HO/Dep-4/FC/2024/1462 Date 22.04.2024

––0––

उपरोक्त विषयांन्तर्गत सन्दर्भित पत्र का अवलोकन करें (छायाप्रति संलग्न) जिसके माध्यम से प्रकरण में प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु प्रेषित व्यपवर्तन प्रस्ताव पर भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 07.03.2024 द्वारा 26 बिन्दुओं की अतिरिक्त जानकारी चाही गई है। आपके द्वारा प्रस्तुत बिन्दुओं की जानकारी में से निम्नानुसार बिन्दुओं पर स्पष्ट अभिमत की आवश्यकता है।

**बिन्दु क्रमांक :–(ii)**

उक्त बिन्दु मे आपके द्वारा एन.एम.डी.सी. बचेली एवं किरन्दुल में ICFRE Dehradun के द्वारा अध्ययन करना बतलाया गया है, जबकि ICFRE Dehradun के द्वारा निक्षेप क्रमांक–5, 10, 11एम.एल., 14एम.एल. एवं 14एन.एम.जेड़. में स्वीकृत लीज क्षेत्र के बाहर वन क्षेत्र को क्षति पहुंचाने के कारण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के शर्तो के उल्लंघन के एवज मे ICFRE Dehradun के द्वारा अध्ययन कराया गया है। भारत सरकार द्वारा उठाई गई आपत्ति अनुसार उक्त बिन्दु में Maximum Permissible Production Level के संबंध में अध्ययन की जानकारी चाही गई है जिससे पारिस्थितिकीय तंत्र सतत् रहते हुये उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन को भी कोई नुकसान न हो। सही जानकारी से अवगत करावें।

**बिन्दु क्रमांक :–(viii)**

उक्त बिन्दु मे प्रस्तावित खन्न क्षेत्र के दोनो ओर ट्री–फर्न प्रजाति विद्यमान है। जिस पर खन्न गतिविधियों के कारण भविष्य मे नकारात्मक प्रभाव होने की संभावना है, जिसका अध्ययन रिपोर्ट ICFRE Dehradun से अप्राप्त है।

**बिन्दु क्रमांकः— (xxi)**

उक्त बिन्दु मे माईनिंग लीज हेतु प्रस्तावित वन भूमि रकबा 570.100 हें. के आवेदन मे वन कक्ष क्रमांक आर.एफ. 1842 मे पहले से ही निक्षेप क्रमांक — 5 मे कन्वेयर बेल्ट का निर्माण बिना अनुमति के किया गया है, उसी क्षेत्र मे पुनः आपके द्वारा माईनिंग लीज हेतु प्रस्तावित किया गया है। विषय वस्तु से स्पष्ट करना सुनिश्चित करें।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**

**पृ.क्रमांक/मा.चि./3321** **दन्तेवाड़ा, दिनांक 16/05/2024**

**<u>प्रतिलिपि :—</u>**

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू—प्रबंध/व.सं.अ.) अटल नगर छ.ग. नवा रायपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।
2. मुख्य वन संरक्षक जगदलपुर वृत्त जगदलपुर की ओर सूचनार्थ संप्रेषित।

**वनमण्डलाधिकारी**
**दन्तेवाड़ा वनमण्डल, दन्तेवाड़ा**



E:\DM Section\Letter 2024.docx